NavBharat Times-New Delhi-21-07-2011

शॉर्ट टर्म से पीजी तक हर तरह के ऑप्शंस, रेग्युलर कोर्स भी हैं

जॉब के साथ स्टडी के लिए इग्नू बेस्ट

भूपेंद्र ॥ नई दिल्ली

इंदिरा गांधी नैशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) में स्टूडेंट्स अभी भी अपने मनपसंद कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। डीयू, जामिया मिल्लिया इस्लामिया या आईपी यूनिवर्सिटी की तरह इग्नू में भी ग्रैजुएशन व पोस्ट ग्रैजुएशन लेवल पर कोर्सेज की कोई कमी नहीं है बल्कि यहां पर एडमिशन शर्तें स्टूडेंट्स के लिए कुछ आसान हैं। मसलन डीयू के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग में जहां एडमिशन के लिए 12वीं में कम से कम 40 पर्सेंट मार्क्स होने जरूरी हैं वहीं इग्नू में ग्रैजुएशन लेवल के कई कोर्सेज में एडमिशन की शर्त 12वीं पास है। इग्नू में बीए, एमए व डिप्लोमा कोर्सेज में एडमिशन के लिए 29 जुलाई तक अप्लाई किया जा सकता है और उसके बाद 200 रुपये लेट फीस के साथ 31 अगस्त तक एडमिशन लिया जा सकता है। इग्नू के रजिस्ट्रार (ऐकडेमिक) डॉ. पंकज खरे ने बताया कि यूनिवर्सिटी में 511 प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं, जिनमें 26 प्रोग्राम ऑन कैंपस हैं यानी इन कोर्सेज में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स की रेग्युलर क्लासेज होती हैं। ऑन कैंपस प्रोग्राम के लिए एडमिशन प्रोसेस खत्म हो चुका है लेकिन डिस्टेंस लर्निंग के कोर्सेज में अभी एडमिशन के फुल चांस हैं। डॉ. खरे ने बताया कि इग्नू में साल में दो बार एडमिशन होते हैं। अभी जुलाई सेशन के एडमिशन हो रहे हैं और उसके बाद जनवरी सेशन का एडमिशन प्रोसेस दिसंबर-जनवरी में चलता है। हर साल फर्स्ट ईयर में दो लाख से अधिक स्टूडेंट्स एडमिशन लेते हैं। एडमिशन के बारे में स्टूडेंट्स इग्नू की वेबसाइट www.ignou.ac.in पर सारी डिटेल हासिल कर सकते हैं।

अंडरग्रैजुएट कोर्स

इग्नू में ग्रैजुएशन लेवल पर 10 डिग्री कोर्सेज में अभी एडमिशन लिया जा सकता है। बैचलर ऑफ आर्ट (टूरिज्म स्टडीज), बैचलर ऑफ कंप्यूटर ऐप्लीकेशन, बैचलर ऑफ आर्ट, बैचलर ऑफ साइंस, बैचलर ऑफ कॉमर्स, बैचलर ऑफ सोशल वर्क, बीबीए, बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफर्मेशन साइंस, बैचलर ऑफ प्रीप्रेटरी प्रोग्राम और बीएससी (ऑनर्स) इन ऑप्टोमेटरी एंड ऑफ्थैलिमिक टेक्नीक में अभी अप्लाई किया जा सकता है। बीएससी ऑनर्स के इस कोर्स में एडमिशन की शर्त 12वीं में कम से कम 45 पर्सेंट मार्क्स होने जरूरी हैं। बीए, बीकॉम के कोर्स में 12वीं में पास होना जरूरी है व लाइब्रेरी साइंस के कोर्स में एडमिशन की शर्त 50 पर्सेंट मार्क्स के साथ बैचलर डिग्री या बैचलर डिग्री विद डिप्लोमा इन लाइब्रेरी साइंस है। लाइब्रेरी साइंस का यह बैचलर डिग्री कोर्स एक साल का है जबकि बीए- बीकॉम कोर्स तीन साल के हैं। बीए- बीकॉम कोर्स पूरा करने के लिए स्टूडेंट्स को अधिकतम 6 साल तक का समय दिया जाता है।

बढ़िया ऑप्शन

ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन और डिप्लोमा कोर्सेज में कर सकते हैं अभी भी अप्लाई

29 जुलाई तक एडमिशन ओपन, लेट फीस देकर 31 अगस्त तक अप्लाई का चांस

बीए, बीकॉम, बीसीए, एमए, एमसीए समेत की डिप्लोमा के भी काफी कोर्स हैं यहां

एडमिशन की शर्तें भी आसान, हर साल करीब दो लाख स्टूडेंट्स एडमिशन लेते हैं

पीजी कोर्स

इग्नू में 25 मास्टर डिग्री प्रोग्राम हैं। मास्टर ऑफ कंप्यूटर ऐप्लीकेशन कोर्स तीन साल का है। मास्टर ऑफ लाइब्रेरी साइंस एंड इंफर्मेशन साइंस व मास्टर इन एंथ्रोपॉलोजी कोर्स की अवधि 1-1 साल की है जबकि बाकी कोर्स की अवधि दो-दो साल की है। दो साल की अवधि वाले कोर्सेज में मास्टर ऑफ साइंस (डाइटेटिक्स एंड फूड सर्विस मैनेजमेंट), मास्टर ऑफ आर्ट (रूरल डिवेलपमेंट), मास्टर ऑफ कॉमर्स, मास्टर ऑफ आर्ट (टूरिज्म मैनेजमेंट), मास्टर ऑफ आर्ट (इंग्लिश), एमए (हिंदी), मास्टर ऑफ सोशल वर्क, एमए (फिलॉसफी), एमए (गांधी एंड पीस स्टडीज), एमए (एजुकेशन), एमए इन पार्टिसिपेटरी डिवेलपमेंट, एमए (इकनॉमिक्स), एमए (हिस्ट्री), एमए (पॉलिटिकल साइंस), एमए (पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन), एमए (सोशियॉलजी), एमए (साइकॉजी), मास्टर ऑफ साइंस इन काउंसलिंग एंड फैमिली थ्योरी, मास्टर ऑफ आर्ट इन एक्सटेंशन एंड डिवेलपमेंट स्टडीज, मास्टर ऑफ आर्ट इन अडल्ट एजुकेशन, मास्टर इन जेंडर डिवेलपमेंट स्टडीज, मास्टर ऑफ आर्ट इन डिस्टेंस एजुकेशन हैं। ग्रैजुएशन पास करने वाले स्टूडेंट्स इन कोर्सेज में अप्लाई कर सकते हैं।

डिप्लोमा कोर्स

इग्नू में स्टूडेंट्स को डिप्लोमा व पोस्ट ग्रैजुएशन डिप्लोमा के करीब 56 प्रोग्राम ऑफर किए जाते हैं। ये सभी डिप्लोमा कोर्सेज एक साल के हैं। हर डिप्लोमा कोर्स की शर्त अलग-अलग है। इन कोर्सेज में पीजी डिप्लोमा इन फूड सेफ्टी एंड क्वॉलिटी मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा इन प्लांटेशन मैनेजमेंट, डिप्लोमा इन डेयरी टेक्नॉलजी, डिप्लोमी इन मीट टेक्नॉलजी, डिप्लोमा इन यूथ इन डिवेलपमेंट वर्क, पीजी डिप्लोमा इन रूरल डिवेलपमेंट, डिप्लोमा इन टूरिज्म स्टडीज, पीजी डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन, पीजी डिप्लोमा इन इंटरनैशनल बिजनेस ऑपरेशन, पीजी डिप्लोमा इन हायर एजुकेशन, डिप्लोमा इन क्रिएटिव राइटिंग इन इंग्लिश, डिप्लोमा इन उर्दू, पीजी डिप्लोमा इन क्रिमिनल जस्टिस, पीजी डिप्लोमा इन एनवायरमेंटल लॉ, पीजी डिप्लोमा इन एक्सटेंशन एंड डिवेलपमेंट स्टडीज, पीजी डिप्लोमा इन कॉरपोरेट गवर्नेंस, पीजी डिप्लोमा इन डिसएबिलिटी मैनेजमेंट फॉर मेडिकल प्रैक्टिशनर समेत अन्य डिप्लोमा कोर्स शामिल हैं।

ऑन डिमांड एग्जाम

इग्नू ने 100 से अधिक प्रोग्राम में स्टूडेंट्स को ऑन डिमांड एग्जाम का ऑप्शन भी स्टूडेंट्स को दिया है। । इग्नू के स्टूडेंट्स देश- विदेश में है और मौजूदा सिस्टम में यूनिवर्सिटी जून और दिसंबर में दो बार एग्जाम कंडक्ट करती है लेकिन हजारों स्टूडेंट्स किसी न किसी कारण से एग्जाम नहीं दे पाते लेकिन ऑन डिमांड एग्जाम में स्टूडेंट अपनी मर्जी और सहूलियत के हिसाब से एग्जाम डेट चुन सकते हैं।